## ब्रीफ न्यूज

### साइंस कॉलेज में स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**जबलपुर।** शासकीय साइंस कॉलेज में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, आभा कार्ड और 'मनहित' ऐप की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. सुलोचना पटेल द्वारा छात्र-छात्राओं स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयों का भी वितरण किया गया।

### मातागुजरी महिला कॉलेज में विद्यार्थी उन्मुखी कार्यक्रम का आयोजन





**जबलपुर।** माता गुजरी महिला कॉलेज में उद्यमिता विकास प्रकोष्ठ एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए उद्यम एवं कौशल विकास विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता चंचल शर्मा ने छात्राओं को रोजगार और उद्यमिता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### जीआरपी का नशा मुक्ति अभियान




**जबलपुर।** जीआरपी चौकी मदनमहल ने 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय कन्या छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव, हेल्पलाइन नंबर और अभियान की जानकारी दी गई।

### सान्वी मेहता ने जीता नेशनल लिटस्टार अवॉर्ड 2026




**जबलपुर।** शहर की युवा लेखिका सान्वी मेहता को उनकी पुस्तक रद हॉटेड चैलेंज' के लिए नेशनल लिटस्टार अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। इससे पहले वह अपने डेब्यू उपन्यास 'स्पेस ओडिसी' के लिए नेशनल यंग ऑथर फेयर 2025-26 में बेस्ट सेलर अवॉर्ड भी जीत चुकी हैं।

### दया फाउंडेशन ने कैंसर मरीजों की सेवा की



**जबलपुर।** दया फाउंडेशन ने गोपालपुर स्थित विराट हॉस्पिटल (कैंसर हॉस्पिटल) में सेवा कार्य करते हुए ऑक्सीजन सिलेंडर, फल और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। संस्था ने कैंसर मरीजों के उपचार और सहयोग के लिए सेवा अभियान चलाया।

### सिहोरा में अवैध परिवहन करते 35 क्विंटल गुड़ जब्त

**सिहोरा।** मंडी बोर्ड आंचलिक कार्यालय के निर्देशन तथा कृषि उपज मंडी समिति सिहोरा के भारसाधक अधिकारी एवं मंडी सचिव सविता धुर्वे के मार्गदर्शन में स्थानीय उड़नदस्ता दल ने मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की। इसी क्रम में मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(6) का उल्लंघन पाए जाने पर धारा 19(4) के तहत वाहन क्रमांक एमपी 49 जेडएच 7719 से 35 क्विंटल गुड़ अवैध पाया गया। इसमें 5 गुना मंडी शुल्क 11,287 रुपए और प्रशमन शुल्क 5,000 रुपए सहित कुल 16,287 रुपए जमा कराए गए। यह कार्रवाई उड़नदस्ता दल के सहायक वर्ग 3 नरेन्द्र गर्ग ने की।

### पौधों का रोपण कर स्थापित होगी 'विद्या औषधि वाटिका'


**जबलपुर।** मॉडेलियन 1980 बैच द्वारा 28 जुलाई को मॉडल स्कूल परिसर में 26 औषधीय एवं 12 उपयोगी पौधों का रोपण कर 'विद्या औषधि वाटिका' की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम स्व. पं. लज्जाशंकर झा की जयंती पर आयोजित होगा।

# बार-बार गुल हो रही बिजली, बच्चे-बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान

## कटंगी में अघोषित कटौती से त्रस्त ग्रामीण, विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

● कटंगी / राज न्यूज नेटवर्क

कटंगी क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिना पूर्व सूचना बार-बार बिजली बंद होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों के बावजूद समस्या सुलझाने में गंभीरता नहीं दिखा रहे। दिन और रात में कई-कई घंटे बिजली गुल रहने से उमस भरी गर्मी में बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक परेशान हो रहे हैं। शाम के समय बिजली कटने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं किसानों और छोटे व्यापारियों का काम भी बाधित हो रहा है। कई स्थानों पर पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है, जिससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।



### बार-बार शिकायतें, समाधान नहीं

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने के बावजूद न तो संतोषजनक जवाब मिलता है, न ही कटौती का निर्धारित समय बताया जाता है। लोगों का कहना है कि विभाग मनमाने ढंग से बिजली आपूर्ति कर रहा है और अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।

### बिजली दफ्तर का करेंगे घेराव

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अघोषित बिजली कटौती पर शीघ्र रोक नहीं लगी और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर बिजली विभाग कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

## अघोषित बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन



**पड़वार।** नगर से लगे उमरिया कुड़ारी, पहाड़ीखेड़ा, डूडी, गाडरखेड़ा, डूगा, मेहगांव और कुटेली सहित आसपास के गांवों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कनिष्ठ अभियंता राजीव चौधरी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बरेला ग्रामीण क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रात के समय दो-दो घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने विद्युत आपूर्ति नियमित करने की मांग की। कनिष्ठ अभियंता राजीव चौधरी ने समस्या का शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र गर्ग, किसान कांग्रेस बरेला अध्यक्ष योगेश पटेल, जिला सचिव विजय जैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पचेली काव्य वीथिका का लोकार्पण

● सिहोरा / राज न्यूज नेटवर्क

नगर की साहित्यिक संस्था अभिव्यक्ति द्वारा पचेली साहित्य को समर्पित भव्य साहित्यिक आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अश्वनी कुमार पाठक ने की। मुख्य अतिथि डॉ. कौशल दुबे तथा विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सिंह ठाकुर, कटनी रहे। अतिथियों ने विजय बागरी 'विजय' के संपादन और मदन पेंटर के सहसंपादन में तथा राजेंद्र सिंह ठाकुर के प्रयासों से प्रकाशित पचेली काव्य संग्रह 'पचेली काव्य वीथिका' का लोकार्पण किया। साथ ही मुख्य अतिथि डॉ. कौशल दुबे की पचेली काव्य कृति 'बाबा हरें बतात ते' का भी विधिवत लोकार्पण हुआ। अध्यक्षता कर रहे पाठक ने 'पचेली काव्य वीथिका' की विस्तृत समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने पुस्तक में संकलित रचनाओं की भाषा, भाव और लोकजीवन के सजीव चित्रण की सराहना की। इसके बाद आयोजित पचेली काव्य गोष्ठी में डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी, सुरेश मिश्र 'विचित्र', डॉ. उदय भानु तिवारी 'मधुकर', नारायण तिवारी, प्रमोद दाहिया, मुकेश त्रिपाठी, प्रकाश सिंह ठाकुर, इंद्र सिंह राजपूत, आशा अवस्थी, डॉ. अरुणा पाण्डेय, कमराज यादव, विश्वास पटेल, सुशील शर्मा, के.एल. हल्दकार, सुशील जैन, लखन लाल रजक, बालमुकुंद लखेरा, लक्ष्मीनारायण पटेल, चौधरी आशा, निर्मल जैन, पी.के. बख्शी, अखिलेश खरे 'अखिल' और अनिल पटेल सहित कार्यक्रम अध्यक्ष, मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने पचेली भाषा में अपनी रचनाओं का प्रभावपूर्ण पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## पनागर में दो अगस्त को आयोजित होगा भव्य चातुर्मास कलश स्थापना समारोह



**पनागर।** नगर में इस वर्ष भव्य चातुर्मास (वर्षायोग) का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें मुनि निर्दोष सागर महाराज, मुनि निर्लोभ सागर महाराज, मुनि निरुपम सागर महाराज, मुनि चिद्रूप सागर महाराज एवं मुनि सुभग सागर महाराज का मंगल सानिध्य नगरवासियों को प्राप्त होगा। इसी श्रृंखला में 2 अगस्त दिन रविवार को दोपहर 1:30 बजे से बड़े जैन मंदिर परिसर, पनागर में भव्य श्री चातुर्मास मंगल कलश स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा। जैन समाज पनागर की सर्वोच्च संस्था श्री दिगंबर जैन प्रबंधकारिणी सभा, पनागर के पदाधिकारियों एवं सदस्य राजेश कटंगा (पंपी), आनंद सिंघई (मिंचू), अभिनंदन चौधरी, विजय जैन, संजय मानव, संतोष चौधरी, पवन लश्गरी, रजनीश चौधरी, सौरभ सिंघई, राहुल मोदी, राहुल बड़कुल ने सभी धर्मानुरागी बंधुओं और सामाजिकजनों से अधिक से अधिक संख्या में पनागर पधारकर मुनि संघ के पावन दर्शन, मंगल आर्शीवाद एवं सानिध्य प्राप्त कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## गौ सुरक्षा और सम्मान के लिए निकाली रैली, राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन




**सिहोरा (आरएनएन)।** संपूर्ण भारत में चल रहे गौ सम्मान अभियान के तहत सोमवार को सिहोरा में गौ की सुरक्षा और सम्मान के लिए विशाल रैली निकाली गई।

रैली में गौ की सुरक्षा के लिए केंद्रीय स्तर पर कड़ा कानून बनाने, गौमाता को राष्ट्रमाता व राष्ट्र धरोहर का सम्मान देने, तथा केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय व गोचर बोर्ड गठित करने की मांग उठाई गई। भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। रैली में राकेश पहारिया, अरुण जैन, राकेश मालवीय, अनिल जैन, संतोष वर्मा, दिनेश गुप्ता, नितेश खरया, रवि गोपाल चौरसिया, द्वारिका मिश्रा, अशोक शर्मा, नितिन पहारिया, शिव चरण दाहिया, कालूराम चौरसिया, संजय जैन, जितेन्द्र श्रीवास, रवि सेठ, श्यामू चौरसिया और तीरथ ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गौ भक्त शामिल हुए।

## केएस ठाकुर को जबलपुर जिला संगठन की अतिरिक्त जिम्मेदारी



**उमरिया/कुडारी।** प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार दुबे की अध्यक्षता में सोमवार को पेंशनर्स की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में प्रांतीय महामंत्री के.एस. ठाकुर को अतिरिक्त रूप से जबलपुर जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कार्यकारिणी में आर.सी. सेन को जिला सचिव, महेंद्र सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, विनय तिवारी को मीडिया प्रभारी, एस.के. तिवारी को सलाहकार, आई.के. शर्मा को विधि सलाहकार तथा भाव सिंह साहू को कार्यवाहक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही प्रत्येक तहसील से दो-दो सदस्यों को जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया। बैठक में धारा 49(6) समाप्त होने पर पेंशनरों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## पनागर के संदीपनि विद्यालय में कॉमर्स विषय शुरू करने की उठी मांग: शिक्षा विभाग-कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**पनागर (आरएनएन)।** नगर के शासकीय संदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11वीं से कॉमर्स विषय शुरू करने की मांग को लेकर वरिष्ठ कर्मचारी नेता जवाहर केवट ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि पनागर नगर और आसपास के किसी भी शासकीय विद्यालय में कॉमर्स विषय की पढ़ाई नहीं होती। इसके कारण विद्यार्थियों को कॉमर्स की शिक्षा के लिए जबलपुर के शासकीय विद्यालयों में प्रवेश लेना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त लागत आती है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पनागर क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के हित में शासकीय विद्यालयों में कॉमर्स संकाय शुरू किया जाए। यह भी कहा गया कि नया शैक्षणिक सत्र अभी प्रारंभ हुआ है, इसलिए इस समय कक्षाएं शुरू करने में कोई कठिनाई नहीं होगी और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। मांग का समर्थन करने वालों में जवाहर केवट, नरेन्द्र सेन, राजेन्द्र खरे, किशन विश्वकर्मा, अरविन्द पाठक, मुकेश सेन, विजय उपाध्याय, रमेश खम्परिया, शत्रुघ्न पटेल, रामसिंह, रमाकांत पटेल और सोनेलाल पटेल शामिल हैं।


## कार्यालय मुख्य नगर पालिका परिषद, सिवनी (म.प्र.)

क्रमांक/3142/ज प्र.शाखा/न.पा.प/ 2026 Email Id: cmoseoni@mpurban.gov.in सिवनी, दिनांक-27/07/2026

// ई निविदा आमंत्रण सूचना //

समय पर नगर पालिका परिषद सिवनी को वर्ष 2026-2027 के लिए हेतु जलप्रदाय शाखा के अंतर्गत एलम की समय आवश्यकता है । अत: संबंधि सामग्री के निर्माता/ डीलर / सप्लायर से सामग्री की निविदायें ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। टेंडर डाक्यूमेंट ऑनलाईन पोर्टल http://mptenders.gov.in/ में निर्धारित शुल्क भुगतान कर प्राप्त किया जा सकेगा। निविदायें टेण्डर की निर्धारित तिथि (की -डेट) के अनुसार खोली जावेगी। निविदा खोलने के समय निविदाकार या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

| क्र. | ई- टेंडर क्रमाक | सामग्री का नाम एवं वितरण | अनुमानित लागत | आमनत राशि | निविदा फार्म का मूल्य | ठेकेदार सल्यायर्स की श्रेणी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD _ 524466 | वर्ष 2026-2027 के लिए एलम फिटकरी आईएसआई मार्क (The Material Should be complying to grade - 4 Table 1 of IS 299:2012 (Amendment-1) the Material Should be Solid Form and color should be off white) Alumina मिनिमम 16 प्रतिशत रहेगा । | 2500000/- | 12500.00/- | 5000.00 | निर्माता/ अधिकृत विक्रेता/ सप्लायर | 27/08/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in/बेबसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद सिवनी



## कार्यालय नगरपालिका परिषद मलाजखण्ड
### जिला – बालाघाट (म.प्र.)

दूरभाष क्रं. : 07637-257060 E-mail-cmomalajkhand@mpurban.gov.in

क्र./1492 /ई–निविदा/लो.नि.वि. /न.पा.प./2026, मलांजखण्ड, दिनांक 27/07/2026

// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD _524368_1 | SUPPLY OF SANITATION ITEM AT NAGARPALIKA PARISHAD MALAJKHAND | 1. 12 माह<br>2. 10,00,000/- | 1. 2,000/-<br>2. 10,000/- | 11.08.2026 |

नोट– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मलांजखण्ड
जिला बालाघाट म.प्र.



## पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, मंडल कार्यालय, 1227,शालीन हाउस, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) Email - cs8243@pnb.bank.in

### अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं और जमानतदारों/बंधककर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक आधिपत्य/सांकेतिक आधिपत्य (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जो है'', ''जहाँ है'',''जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों/बंधककर्ताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपये की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशी निम्नलिखित है:

**ई-नीलामी दिनांक एवं समय -28.08.2026 दोपहर 12:00 बजे से 05:30 बजे तक (आवश्यक होने पर सायंकल 05:30 बजे के बाद 10 मिनिट के अंतराल का विस्तार किया जाएगा)। ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 28.08.2026 को सायंकाल 05:30 बजे तक**

निविदाकार अपने प्रस्ताव रू. 10000/- (रूपए दस हज़ार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे

| उधारकर्ता/जमानतदार/बंधककर्ता के नाम | अचल संपत्ति/प्रत्याभूत आस्ति का विवरण | अ) मांग सूचना दिनांक ब) आधिपत्य दिनांक स) आधिपत्य प्रकार द) बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | अ) आरक्षित मूल्य ब) धरोहर राशि स) ईएमडी जमा अंतिम दिनांक द) बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|
| **1. शाखा: मरहाताल, जबलपुर(म.प्र.)**<br>1. (उधारकर्ता) मेसर्स प्रेमचंद ग्रेडर्स एग्रो उद्योग, प्रोपराईटर श्री दिलीप कुमार शुगानी, पता: मेन रोड, एनएच-7, 193, कंदराखेड़ा, पनागर, कटनी रोड, जिला-जबलपुर (म.प्र.)<br>2. (उधारकर्ता और बंधककर्ता) श्री दिलीप कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी पता: 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.)<br>3. श्री सतीश कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी (बंधक जमानतदार) (मृतक के बाद से) कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से कविता शुगानी पति श्री सतीश कुमार शुगानी पता: 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) भरत शुगानी पिता श्री सतीश कुमार शुगानी पता: 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.) खुशबू शुगानी पिता श्री सतीश कुमार शुगानी पता: 783, हरिओम विहार, नेपियर टाउन, जबलपुर (म.प्र.)<br>खाता संख्या: 51624015000341 | 1. खसरा नं. 185 का प्लॉट नं. 172 मौजा कंदराखेड़ा, एनबी नं. 555, पटवारी हल्का नं. 21 आरआई, महाराजपुर कटनी रोड, जिला- जबलपुर (म.प्र.) पर स्थित, क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट, **संपत्ति मालिक और बंधककर्ता –** श्री सतीश कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB01971000010** | अ) 25.08.2021<br>ब) 30.11.2021<br>स) सांकेतिक आधिपत्य<br>द) रू 50,22,826.43 + ब्याज़ एवं अन्य व्यय | अ) 48,87,000.00<br>ब) 4,88,700.00<br>स) 28.08.2026<br>द) 10,000.00 |
| | 2. संपत्ति धारक जिसका प्लॉट नं. 131, खसरा नं. 185, मौजा कंदराखेड़ा, एनबी नं. 555, पटवारी हल्का नं. 21, आरआई - महाराजपुर कटनी रोड, जिला-जबलपुर (म.प्र.) पर स्थित, क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट, **संपत्ति मालिक और बंधककर्ता –** श्री सतीश कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB01971000011** | | अ) 43,20,000.00<br>ब) 4,32,000.00<br>स) 28.08.2026<br>द) 10,000.00 |
| | 3. संपत्ति धारक जिसका प्लॉट नं. 149, खसरा नं. 185(पुराना), 316(नया), मौजा - कंदराखेड़ा, एनबी नं. 555, पटवारी हल्का नं. 16, आरआई-महाराजपुर कटनी रोड, जिला-जबलपुर (म.प्र.) पर स्थित, क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट, **संपत्ति मालिक व बंधककर्ता –** श्री सतीश कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB01971000012** | | अ) 43,20,000.00<br>ब) 4,32,000.00<br>स) 28.08.2026<br>द) 10,000.00 |
| | 4. संपत्ति धारक जिसका प्लॉट नं. 166 का खसरा नं. 185 मौजा- कंदराखेड़ा, एनबी नं. 555, पटवारी हल्का नं. 21, आरआई - महाराजपुर कटनी रोड, जिला-जबलपुर (म.प्र.) पर स्थित, क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट, **संपत्ति मालिक और बंधककर्ता –** श्री दिलीप कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB01971000013** | | अ) 48,06,000.00<br>ब) 4,80,600.00<br>स) 28.08.2026<br>द) 10,000.00 |
| | 5. संपत्ति धारक जिसका प्लॉट नं. 163, क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट और 165 क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट, खसरा नं.102 मे से, मौजा, कंदराखेड़ा, एनबी नं. 555, पटवारी हल्का नं. 21, आरआई - महाराजपुर कटनी रोड, जिला- जबलपुर (म.प्र.) पर स्थित, **संपत्ति मालिक और बंधककर्ता–** श्री दिलीप कुमार शुगानी पिता स्वर्गीय श्री प्रेमचंद शुगानी, **नीलामी संदर्भ संख्या : PUNB01971000014** | | अ) 93,60,000.00<br>ब) 9,36,000.00<br>स) 28.08.2026<br>द) 10,000.00 |

संपत्तियों पर भार जिनकी जानकारी प्रतिभूत लेनदार को है: जानकारी उपलब्ध नहीं है

**सरफेसी अधिनियम 2002 व प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के अंतर्गत वैधानिक विक्रय सूचना**

**नियम एवं शर्ते :** (1) विक्रय प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002के नियम व शर्तों के अधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा। (2) संपत्तियों की बिक्री ''जो है, "जहाँ है'', ''जो कुछ भी है'' के आधार पर होगी। (3) ऊपर वर्णित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी को प्राप्त जानकारी के आधार पर है।किन्तु प्राधिकृत अधिकारी किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। (4) विक्रय अधिकृत ऑन लाइन ई-नीलामी सेवा प्रदाता के द्वारा वेबसाइट **https://baanknet.com** पर दिये गये दिनांक व समय पर किया जाएगा। (5) संपत्ति विक्रय से संबंधित नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट **www.pnbindia.in, https://baanknet.com** पर विजिट करें ।

**स्थान: जबलपुर, दिनांक 27.07.2026** **पंजाब नेशनल बैंक प्राधिकृत अधिकारी**